तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 3 अप्रैल 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



12 कौड़िया स्कूल में ग्रामीण ने बच्चों को दिया न्योता भोज





11 दोतरफा आवासीय समस्या से जूझ रहे भिलाई ...




## खबर संक्षेप

### मतदान दलों की ट्रेनिंग का डीएम ने किया निरीक्षण

**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कचांदुर में पहुंचकर यहां चल रहे मतदान दल के अधिकारी–कर्मचारियों के प्रशिक्षण का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने प्रशिक्षण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अधिकारी–कर्मचारियों से कहा कि निर्वाचन का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं त्रुटि की गुंजाईश बिल्कुल भी नही होती है। इसलिए निर्वाचन के कार्य को विशेष सतर्कता एवं सावधानी के साथ करना अत्यंत आवश्यक है।

### महिला से छेड़छाड़ मारपीट, गिरफ्तार

**बालोद।** थाना राजहरा जिला बालोद मे महिला से मारपीट कर छेड़छाड करने वाले आरोपी सुधीर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। पीड़िता की रिपोर्ट पर आरोपी वार्ड कमांक 21 शास्त्रीनगर दल्लीराजहरा थाना राजहरा जिला बालोद सुधीर राजपूत 23 वर्ष निवासी के विरूद्व अपराध धारा 294, 506, 323, 456, 354, 354 (क), 354 (ख) भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

### भक्त माता कर्मा जयंती 5 को

**बालोद/कलंगपुर।** ग्रामीण साहू समाज एवं समस्त ग्रामवासी भटगांव के तत्वावधान में 5 अप्रैल शुक्रवार को भक्त माता कर्मा जयंती समारोह का आयोजन किया गया है। समाज के सचिव विश्वनाथ साहू ने बताया की शुक्रवार को सुबह 9 बजे से स्वजातीय महिलाओं द्वारा भव्य कलशयात्रा एवं ग्राम भ्रमण कर स्थानीय माता कर्मा मंदिर पहुंचेगी। जहां माता कर्मा की पूजा-अर्चना किया जाएगा। दोपहर 1 बजे अतिथियों का आगमन, सम्मान एवं उद्बोधन होगा। इसमें मुख्य अतिथि गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद होंगे एवं अध्यक्षता अध्यक्ष तहसील साहू समाज मानसिंह सार्वा करेंगे। विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर, अध्यक्ष परिक्षेत्र भाठागांव भीखाराम साहू, तरुण कुमार साहू, खेमलाल साहू, मदनलाल साहू, लिखनलाल साहू, भारती साहू, प्रभात कुमार साहू सहित ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

### एक जून तक एग्जिट पोल पर रोक

**बालोद।** भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी 19 अप्रैल से 01 जून 2024 तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया गया है। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि लोकसभा निर्वाचन–2024 के दृष्टिगत 19 अप्रैल 2024 को सुबह 07 बजे से 01 जून 2024 की शाम 06.30 बजे तक की अवधि में लोकसभा आम निर्वाचन के संदर्भ में किसी भी तरह के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार–प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन लोकसभा निर्वाचन–2024 अंतर्गत संबंधित लोकसभा क्षेत्रें में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध रहेगा।

# मोबाइल एप के जरिए मतदाताओं तक पहुंच रही निर्वाचन संबंधी हर जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


निर्वाचन में सूचना प्रौद्योगिकी और नई तकनीकें अहम भूमिका निभा रही हैं। निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की भागीदारी एवं सहभागिता बढ़ाने में सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का महत्वपूर्ण योगदान है। भारत निर्वाचन आयोग नई तकनीकों और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग निर्वाचन को और ज्यादा सुगम, निष्पक्ष तथा समावेशी बनाने में कर रहा है।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक नागरिक का जागरूक और सजग रहना जरूरी है। निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया गया है। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रियाओं में सहभागिता और सुविधा दोनो बढ़ी है।

## नई तकनीकों ने बढ़ाई निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की सहभागिता

### सुविधा कैंडिडेट एप

इस एप के माध्यम से निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी को अपना नामांकन पत्र एवं शपथ पत्र ऑनलाइन भरने की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन आवेदन के बाद स्लॉट बुक कर निर्धारित तिथि में भौतिक सत्यापन एवं निर्धारित शुल्क का भुगतान किया जा सकता है। इतना ही नहीं प्रत्याशी को रैली, सभा आदि की अनुमति के लिए ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इस एप में है।



### नो यूअर कैंडिडेट (केवायसी) एप

इस एप के माध्यम से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकार्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। इस एप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है। **इलेक्शन सीज़र मैनेजमेंट सिस्टम एप** : राज्य के 1800 से अधिक स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही जब्ती (सीजर) की कार्यवाहियों को इस एप पर अपलोड किया जाता है। पुलिस विभाग, आयकर विभाग, जीएसटी विभाग के अधिकारी हर जब्ती को इस एप पर अद्यतन करते हैं। इससे निर्वाचन आयोग को स्थैतिक एवं उड़नदस्ता दलों द्वारा की जा रही कार्यवाहियों की जानकारी मिलती है और उन पर आवश्यक कार्रवाई की जाती है।

### वोटर हेल्पलाइन एप

वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपना मतदाता परिचय पत्र (एपिक) नम्बर डाल कर बहुत ही आसानी से अपने विधानसभा, पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे कि नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज ▶▶| शेष पेज 11 पर

## चुनाव : नगर पंचायत परपोड़ी में मुख्यमंत्री ने किया चुनावी सभा को संबोधित

# सीएम साय ने केन्द्र में तीसरी बार मोदी की सरकार बनाने जनता से मांगा आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा-परपोड़ी





दुर्ग लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल के पक्ष में मतदान की अपील करने आज परपोड़ी में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान भीषण गर्मी और तीखी धूप की परवाह किए भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और आमजन सीएम को सुनने पहुंचे थे। सीएम श्री साय ने कहा कि साजा विधानसभा में आप सभी ने जिस तरह से भाजपा के विधायक प्रत्याशी ईश्वर साहू को प्रचण्ड मतों से जीत दिलाया है, उसी तरह केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को पुनः पीएम बनाने भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल को अपना आशीर्वाद देना है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने वादों को 100 दिनों के अंदर ही पूरा कर दिया है। किसानों को धान की बकाया राशि का भुगतान, राज्य की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना की पहली किश्त दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से राज्य में भाजपा सरकार तीव्र गति से जनहित के कार्यों को पूरा कर रही है, उसी तीव्र गति से कांग्रेसियों को भी अब बाय-बाय कर देना चाहिए।

- तीखी धूप व भीषण गर्मी की परवाह किए बिना सीएम को सुनने उमड़ी भीड़

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में जिले भर से जुटे करीब 500 कांग्रेस कार्यकर्ताओं जिनमें कुछ दिग्गज कार्यकर्ता, पार्षदगण आदि शामिल हैं, सभी ने भगवा गमछा पहनकर भाजपा में प्रवेश कर लिया।

**अव्यवस्था का रहा आलम :** कार्यक्रम में अव्यवस्था का आलम देखा गया, जहां आमसभा में आए जनता को भीषण गर्मी में पानी के लिए भटकना पड़ा तो वहीं पत्रकारदीर्घा न होने से मीडियाजनों को भी भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। पत्रकारों के लिए यहां बैठक व्यवस्था ही नहीं की गई थी।

स्थानीय नेताओं और कार्यक्रम प्रभारियों द्वारा पत्रकारदीर्घा न बनाने के कारण इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकारों को समचार कवरेज करने के लिए भारी तकलीफों का सामना करना पड़ा। ▶▶| शेष पेज 11 पर

### भाजपा के दिग्गजों ने किया मंच साझा

नगर में आज मानो नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का मेला लगा हुआ था। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व सांसद महासमुन्द चन्द्र शेखर साहू, विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, विधायक गजेन्द्र यादव, मंत्री दयालदास बघेल, बेमेतरा विधायक दिपेश साहू, साजा विधायक ईश्वर साहू, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, पूर्व मंत्री रमशीला साहू, पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता हीरालाल साहू, जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र साहू, सांसद प्रतिनिधि सोनू पटेल, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा भाजपा परमेश्वर वर्मा तथा सैकड़ों वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साथ और उप मुख्यमंत्री अरुण साव शामिल हुए।

# गर्मी ने दिखाया रौद्र रूप मटकों की डिमांड बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गर्मी का सीजन शुरू होते ही देसी फ्रिज की मांग बढ़ गई है। लोग गर्मी के दिनों में देसी फ्रिज यानी मटका का पानी पीना पसंद करते हैं। क्योंकि मटके का पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक माना जाता है।

गर्मी का सीजन लगते ही जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र के आसपास रहने वाले प्रजापति वर्ग के लोग साप्ताहिक बाजारों में मटका लेकर पहुंच रहे हैं। स्थानीय निवासी चक्रधारी का कहना है कि वह पिछले 30-35 वर्ष से मिट्टी से विभिन्न प्रकार की बनी सामग्री बेचने का काम करते आ रहे हैं, सामान्यत हर वर्ष मार्च अप्रैल महीने में ही घड़े की मांग बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि एक घड़े की कीमत करीब 150 रुपए हैं । गौरतलब हो कि शहर सहित आसपास के गांव में देसी फ्रिज मटको की काफी डिमांड रहता है और बाहर से आने वाले छोटे-छोटे दुकानदार साप्ताहिक बाजारों में मटके बेचने आते हैं। गर्मी के दिनों में फ्रिज से बेहतर मटके का पानी पीना बेहतर माना जाता है। अंदर हल्के छेद रहते हैं और वह मटकी को गीला रखता है।

इससे हवा के संपर्क में आने से मटके का पानी फ्रिज की तरह ठंडा रहता है। कुछ दिन पहले मौसम में अचानक परिवर्तन होकर हल्की बारिश होने के बाद से मौसम में ठंडकता आ गई थी। परंतु मौसम खुलने पर तेज गर्मी का एहसास होने लगा है। अब इधर जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जाएगी वैसे-वैसे देसी फ्रिज की मांग भी बढ़ती जाएगी। अभी वर्तमान में जिला मुख्यालय सहित अंचल में तेज धूप के साथ गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है। सुबह 8 बजे से लेकर शाम 7 बजे तक गर्म हवाओं से लोग बेहाल हैं।

# ग्रामीणों ने श्रमदान कर पेयजल समस्या की दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



लगभग 20 दिनों से ग्राम कठिया में व्याप्त पेयजल समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने हर तरफ गुहार लगाई और कहीं से भी मदद न मिलने पर बोरपंप को सुधारने का बीड़ा उठाया।

इसके बाद ग्रामीणों ने श्रमदान कर बंद पड़े बोर पंप को चाकू किया। पानी को लेकर मचे हाहाकार के बीच ग्रामीण पानी के लिए काफी भटक रहे थे। ग्रामीणों ने श्रमदान से पानी की किल्लत को दूर किया और उन्होंने बंद पड़े बोर में नये 2 पाइप और 20 फीट केबल डाला है। ग्रामीणों ने करीब 3 से 4 घंटे की मशक्कत के बाद सफलता पाई और बोर पंप से पानी निकलना शुरू हुआ। श्रमदान करने वालों में ग्राम कठिया के ग्रामीण नरेन्द्र साहू, निकेश साहू, गणेश कुमार साहू, कृष्ण साहू, कार्तिक,मोहन, जीवन, अशोक, पीलाराम, तेजराम साहू, भोला, लक्की साहू,भानु साहू सहित बच्चों का भी योगदान रहा है।

# निर्माणाधीन पानी टंकी का स्लैब ढहा, तीन मजदूर घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा साजा ब्लॉक के ग्राम राखी-जोबा में निर्माणाधीन पानी टंकी में सोमवार को एक हादसा हो गया है। जिसमे निर्माण कार्य में लगे तीन मज़दूर स्लैब निकालते वक्त अनियंत्रित होकर गिर पड़े। हालांकि एक को छोड़कर दो को मामूली चोटे आई थी, जिसका उपचार साजा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। बताया जा रहा है कि गांव में नल जल योजना के तहत पानी टंकी का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिसमे सोमवार को दोपहर के वक़्त तीन मज़दूर स्लैब निकालने हादसे का शिकार हो गए। इस घटना के बाद मौकास्थल पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। वहीं आनन-फानन में घायल मज़दूरों को साजा अस्पताल ले जाया गया। जिसमें एक व्यक्ति को ज्यादा चोट के कारण एक पैर फेक्चर होना बताया गया। वहीं दो की स्थिति उपचार के बाद सामान्य देखते हुए छुट्टी कर दी गयी। इस सम्बंध में साजा बीएमओ अश्विन वर्मा ने कहा कि घटना के बाद तीन लोगों को भर्ती कराया गया था, जिसमें सभी का इलाज का छुट्टी कर दिया गया है।

- साजा विकासखंड के ग्राम राखी-जोबा में हुई दुर्घटना

इस मामले में पुलिस चौकी देवकर द्वारा बताया गया कि घटना के बाद पानी टंकी के निर्माण ठेकेदार व सम्बन्धित विभाग पर कोई रिपोर्ट दर्ज नही कराई गया है और न ही कोई सूचना दिया गया है।

# मतदान के लिए प्रेरित करने शासकीय आईटीआई में हुईं विविध प्रतियोगिताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर महाविद्यालयों,औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान(आईटीआई) सहित अन्य जगहों संस्थानों आदि में निरंतर स्वीप गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

आईटीआई के छात्र-छात्राओं के मध्य नारा लेखन, रंगोली, पेंटिंग, निबंध, भाषण, वाद-विवाद, नुक्कड़-नाटक, मानव श्रृंखला जैसे गतिविधियां आयोजित कर उन्हें मतदान की महत्ता की जानकारी दी जा रही है। साथ ही लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, अपने घर-परिवार, गली-मोहल्ले, बसाहटों में मतदान की उपयोगिता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत ज़िले के परपोड़ी व नवागढ़ के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में आईटीआई के विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यहां के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता से संबंधित सुंदर व आकर्षक रंगोली बनाकर कर मतदान के प्रति लोगों में जागरूकता का संचार किया। इसी प्रकार महाविद्यालयों में भी मतदाता जागरूकता के विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित कर छात्र-छात्राओं के मध्य मतदाता जागरूकता का संदेश दिया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को आगामी चुनाव में निश्चित रूप से वोट देने एवं अन्य मतदाताओं को भी मतदान हेतु प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। महिला मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता के तहत परपोडी में जागरूकता रैली निकाली।

## 10 को ईद, चेट्रीचंड, 11 को गणगौर पूजा, अप्रैल माह में वैवाहिक मुहूर्त भी

# नौ से प्रारंभ होगा नवरात्रि पर्व, देवी मंदिरों में तैयारियां तेज

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 9 अप्रैल से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2081 प्रारंभ हो रहा है। इस दिन से ही शक्ति की आराध्य देवी मां दुर्गा की आराधना का पर्व नवरात्र प्रारंभ हो रहा है। गुड़ीपड़वा का पर्व भी इसी तिथि को मनाया जाएगा। इसके अलावा 10 अप्रैल को मुस्लिम समुदाय का सबसे बड़ा पर्व ईद भी मनाया जाएगा । ईद से पहले पूरे एक माह उपवास रखा जाता है, तीस दिनों के पश्चात मीठी ईद के रूप में मनाते हैं।

अप्रैल माह में जहां शक्ति की देवी मां दुर्गा की आराधना और नवरात्रि का उत्साह रहेगा तो वहीं इस माह वैवाहिक मुहूर्त सहित अन्य पर्व की श्रृंखला रहेगी। इसे लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। पर्व को मनाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। पंडितों एवं कैलेंडरों के अनुसार अप्रैल माह में लगातार पर्व एवं शुभ मुहूर्त की श्रृंखला रहेगी।

### नवरात्रि की तैयारियां तेज

पंडितों के मुताबिक 9 अप्रैल से चैत्र नवरात्र पर्व प्रारंभ होगा। 10 को चेटीचंद्र भगवान झूलेलाल जयंती, 11 को गणगौर पूजा, 13 को पंचमी, 16 को अष्टमी, 17 को श्रीराम नवमी एवं 23 को श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। माह भर पर्वों की संख्या श्रृंखला बने रहने से लोगों में उत्साह का माहौल है। वहीं घर-घर एवं मंदिरों तथा विभिन्न समितियों द्वारा पर्व को उत्साह एवं भक्ति के साथ मनाए जाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।



### बाजारों में छाई रौनक

इधर इस माह पर्व एवं वैवाहिक मुहूर्त के चलते बाजार में रौनक बनी हुई है। पर्व, व्रत एवं मांगलिक कार्यक्रम के लिए खरीदी करने के लिए शहर से लेकर ग्रामीणों तक की उपस्थिति बाजार में बनी हुई है। बाजार में व्यापारियों ने भी विविध सामग्रियों की पर्याप्त स्टॉक किए हुए हैं। अप्रैल माह में बेहतर व्यवसाय होने की संभावना जताई जारी है।

### 18 से वैवाहिक मुहूर्त

ज्ञात हो कि 14 मार्च से खरमास लग गया था, लिहाजा इसके चलते मांगलिक आयोजनों पर विराम लगा हुआ था। खरमास का समापन 13 अप्रैल को हो रहा है, इसके बाद मांगलिक कार्यक्रमों में शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। 18 अप्रैल से मांगलिक आयोजनों के लिए शुभ मुहूर्त है। 18 ,19, 20, 21 ,24 एवं 26 अप्रैल को वैवाहिक मुहूर्त है। गिने-चुने वैवाहिक मुहूर्त के चलते जिनके यहां वैवाहिक आयोजन किया जाना है, उन्होंने पूर्व से ही तैयारी शुरू कर दी है। इस माह 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य दिवस, 10 ईद व झूलेलाल जयंती, 13 को निषाद जयंती, 14 को डॉक्टर अंबेडकर जयंती, 28 को गुरु तेग बहादुर जयंती भी मनाया जाएगा। पूरे अप्रैल माह में लगातार पर्व एवं जयंती के चलते लोगों में व्यस्तात बनी रहेगी।

### चोरी के जेवरात के साथ अपचारी व युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सूने मकानों में चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले दो अपचारी बालक समेत चार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि शिवपारा दुर्ग निवासी प्रवीण सेन ने मकान में चोरी होने की शिकायत की थी। घटना 28-29 मार्च की दरमियानी रात की है। पुलिस मकान के आसपास लगे सीसी टीवी फुटेज को खंगालना शुरु किया। फुटेज के आधार पर शिवपारा दुर्ग निवासी अमन यादव, दिपेश कुमार और अपचारी बालकों को पकड़ा गया।


हरिभूमि पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411


P.C.
सर का OFFER
FLAT 70% OFF
Lee
Wrangler
KILLER
LAWMAN
integriti
Raymond Apparel
Arvind Life Style
All Brand Ladies Kurties Too
2 पे 2 फ्री
I CLEVER, GRAMMER, TULIP
YANKEE, NOSTRUM, WE PLAY
MUSIC & MANY BRANDS
Deepak Advertisers
50 कि.मी.दूर से आने वाले ग्राहक को नि:शुल्क भोजन
Rare & Dynamic Personality never seen before
P.C. the BAAP- कब समझोगे आप?
FLAT 50% OFF
JOCKEY
Lyra WOMEN'S WEAR
Cosmetic Items too
ROOKIES DENIM DIVISION
999/.
Crocodile
699/.
ONLY ORIGINAL & LATEST STOCKS
दुकानदार भी बेचने के लिए सम्पर्क करें! 97543 43697 (Whatsapp)
P.C. LOOTMART
SHUBHAM FAMILY STORE
98261 67896, 98274 75444, 91314 85451, 97521 18317, 83190 18733, 82502 23314
दिनेश वस्त्र के बगल, जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

## खबर संक्षेप



### पॉवर वितरण कंपनी के एमडी खरे रिटायर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर वितरण कंपनी से प्रबंध निदेशक मनोज खरे एक दिन पहले 31 मार्च को रिटायर हो गए। उनको सोमवार को मुख्यालय विद्युत सेवाभवन में भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में पॉवर जनरेशन कंपनी के एमडी एसके कटियार, ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी राजेश शुक्ला ने उन्हें प्रमाण पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। श्री खरे के स्थान पर फिलहाल श्री शुक्ला को प्रभार दिए जाने की चर्चा है। अभी इसका आदेश नहीं हुआ है। चुनाव की आचार संहिता हटने के बाद ही नए एमडी की नियुक्ति होगी। श्री खरे ने अपने कार्य अनुभव बताते हुए अपनी सफलता का श्रेय टीमवर्क को दिया तथा सेवायात्रा के दौरान अधिकारी-कर्मचारियों से मिले सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) उमेश मिश्रा ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर संक्षेप में प्रकाश डाला।

### भ्रष्टाचार के आरोपों को हिन्दुत्व की आड़ में छिपाना चाह रहे भाजपाई

**रायपुर।** भाजपा अपने भ्रष्टाचार को हिंदुत्व के नाम पर छुपाना चाहती है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाये थे, उसका जवाब देने के बजाय भाजपाई भ्रष्टाचार के आरोपों को हिन्दुत्व की आड़ में छिपाना चाह रहे। राइस मिलर लॉबी में अवैध वसूली की बातें सार्वजनिक हैं, इस मामले में कौन संलिप्त है? किनके इशारे पर हो रहा है? सरकार को इसका जवाब देना चाहिये न कि आरोपों से बचने के लिये अनर्गल बयानबाजी।

### स्लीपर सेल वाले बयान पर निर्वाचन में शिकायत

**रायपुर।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार भूपेश बघेल की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। पूर्व एआईसीसी सदस्य और प्रदेश महामंत्री अरुण सिसोदिया ने निर्वाचन आयोग को दो पन्नों का खत लिखा है। उन्होंने दावा किया है कि भूपेश बघेल का "स्लीपर सेल" वाला बयान चुनाव आयोग की आदर्श आचार संहिता का खुला उल्लंघन है। ऐसे में उन पर विधिवत कार्रवाई होनी चाहिए। एक तरफ जहां राजनांदगांव में उनके खिलाफ कांग्रेस का एक धड़ा विरोध में आ खड़ा हुआ है, तो वही दूसरी तरफ उनकी ही पार्टी के नेताओं ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया हैं।

### भीषण गर्मी के कारण स्कूलों के समय में बदलाव

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल से नई शिक्षा सत्र की शुरुआत हो चुकी है। पहले दिन ही भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग ने स्कूलों के समय में बदलाव किया है। जिला शिक्षा अधिकारियों ने सभी स्कूलों को इसके संबंध में आदेश जारी करते हुए कहा है कि गर्मी को देखते हुए सुबह 7.30 बजे से अपरान्ह 11.30 बजे तक स्कूलों का समय तय किया गया है। यह आदेश सभी अशासकीय, अनुदान प्राप्त स्कूलों और शासकीय स्कूलों का इसी समय पर ही इसका संचालन किया जाए।

### आचार संहिता के बाद जांच अभियान तेज, 28 करोड़ की सामग्री जब्त

**रायपुर।** राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए 16 मार्च को आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 31 मार्च तक की स्थिति में 28 करोड़ 34 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 8 करोड़ 12 लाख रुपए की नकद राशि शामिल है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा निगरानी के दौरान विगत 31 मार्च तक 22 हजार 775 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 52 लाख रुपए है। साथ ही 1 करोड़ 52 लाख रुपए कीमत की 827 किलो अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं।







## शत-प्रतिशत मतदान की पहल, गांव-गांव पहुंच रहा प्रशासन

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए जिले के आम नागरिकों एवं मतदाताओं को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देकर उन्हें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संजारी में आयोजित हाट बाजारों में सब्जी एवं अन्य विक्रेताओं के पास पहुँचकर उन्हें मतदाता जागरूकता पर आधारित पोस्टर आदि का वितरण किया गया। इसके अलावा जनपद पंचायत कार्यालय डौण्डीलोहारा में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कर उन्हें लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार के महत्व की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्हें सभी प्रकार के निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई।

### महालेखाकार बार-बार मांग रहा जानकारी, अधिकतर निकायों ने नहीं दिया है हिसाब

# 15वें वित्त आयोग की राशि से खर्च का हिसाब नहीं दिया निकायों ने, 15 दिनों में देना होगा तीन साल का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के नगरीय निकायों ने 15वें वित्त आयोग से बड़ी मात्रा में राशि तो ले ली, लेकिन राशि का हिसाब और उपयोगिता प्रमाणपत्र नहीं दिए। इस मामले को लेकर महालेखाकार (सीएजी) कार्यालय ने नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को कई बार पत्र लिखे और हिसाब मांगा। अब नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी निकायों को पत्र जारी कर तीन साल का हिसाब और उपयोगिता प्रमाणपत्र 15 दिनों में पेश करने का आदेश जारी किया है।

इस मामले को लेकर संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को पत्र जारी कर इस अत्यंत महत्वपूर्ण बताया है। निकायों को वर्ष 2020 से 2023 तक खर्च का ब्योरा और कराए गए कार्यों का उपयोगिता प्रमाणपत्र देना है।

### महालेखाकार भेज रहे हैं बार-बार पत्र

संचालनालय से जारी पत्र में ये भी कहा गया है कि इस संबंध में महालेखाकार कार्यालय द्वारा उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए जाने के लेकर बार-बार पत्र जारी किए जा रहे हैं, लेकिन निकायों द्वारा चाही गई जानकारी नहीं दिए जाने के कारण निकायों द्वारा खर्च की गई राशि का ब्योरा उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है। अब संचालनालय 15वें वित्त आयोग से अंतर्गत 2020-21 से अब तक संचालनालय द्वारा निकायों को दी गई अनुमति की जानकारी गूगल शीट में ईमेल के माध्य से संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को भेजी जाएगी।



### संचालनालय ने जारी किया आदेश

इस संबंध में नगरीय निकायों को भेजे गए पत्र में संचालनालय ने कहा कि सभी नगरीय निकायों को 15वें वित्त आयोग के निर्धारित घटकों के तहत कार्ययोजना प्रस्तुत कर संचालनालय से अनुमति प्राप्त किए जाने एवं कार्य पूर्णता के बाद निर्धारित प्रारूप में उपयोगिता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन अधिकतर निकायों ने अब तक स्वीकृत कार्यों का उपयोगिता प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं कराया है।

### अब 15 दिनों में दें जानकारी

संचालनालय ने नगरीय निकायों से कहा है कि गूगल शीट में चाही गई वांछित जानकारी के साथ निर्धारित प्रपत्र में उपयोगिता प्रमाण पत्र संभागीय क्षेत्रीय कार्यालयों को हार्ड कॉपी में प्रस्तुत की जाए। इसके बाद क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा जानकारी एकत्रित कर परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद 15 दिनों के भीतर संचालनालय में पेश करना होगा, ताकि यह जानकारी महालेखाकार को भेजी जा सके। अगर ऐसा नहीं किया गया, तो नगरीय निकाय प्रमुख के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## एपीएस में परीक्षा परिणाम घोषित



**डौंडीलोहारा।** सन्मति एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित आनंद पब्लिक स्कूल डौंडीलोहारा में कक्षा नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा।

कक्षा ग्यारहवीं में डिंपी चंद्राकर प्रथम 98.6प्रतिशत द्वितीय स्थान आरची जैन 98.2 प्रतिशत, कक्षा 9वी में तान्या सिन्हा प्रथम 97.16, द्वितीय स्थान धीरज जैन 94.33,कक्षा आठवीं में साक्षी भुआर्य प्रथम 98.22, द्वितीय स्थान देविका सोनकर 98.19, कक्षा सातवी में प्रथम स्थान वंश सोनकर 99.11 द्वितीय स्थान रितेश कुमार मालेकर 97.41 को मिला। इसी तरह कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान पूर्वी साहू 98.69,द्वितीय स्थान सृष्टि देवांगन 98.47, कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान सुमित कुमार ठाकुर98.93, द्वितीय स्थान यशवेश जैन 98.62, कक्षा चौथी प्रथम स्थान ओझल विमल भारद्वाज 97.75, द्वितीय स्थान चिराग रामटेक 96.56, कक्षा तीसरी प्रथम स्थान वर्णिका जैन 99.31, द्वितीय स्थान आर्य जैन तथा निश्चल जैन 98.81, कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान पर्व जैन 99.56, द्वितीय स्थान नेत्रिका साहू 99.43 तथा कक्षा पहली में प्रथम स्थान सूर्यांश 100 तथा द्वितीय स्थान अक्षिता दिल्ली बार 99.87 ने प्राप्त किया।

इसी तरह कक्षा यूकेजी में प्रथम स्थान तमेश कुमार गौरे द्वितीय स्थान यामी नायक,देवासी जंघेल कक्षा एलकेजी में प्रथम स्थान परिधि सलाम द्वितीय स्थान चल ठाकुर, विराज साहू कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान वृष्टि पटेल द्वितीय स्थान प्रियांशु सिंह ने प्राप्त किया।

## मार्री बंगला में सालभर से ठप पड़ा अमृत मिशन का काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरीबंगला

केन्द्र सरकार की अमृत मिशन के अंतर्गत हर-घर नल जल योजना के तहत ग्राम मार्री बंगला में पानी टंकी निर्माण व पाईपलाईन बिछाने का कार्य पिछले एक वर्ष ठप पड़ा है। ग्रामीण खूबलाल साहू ने बताया कि पाईप लाईन के लिए जगह-जगह खोदे गए गड्ढों में ग्रामीण दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं।

वहीं, बच्चों के गिरने का खतरा भी बना हुआ है। टंकी निर्माण में करने वाले ठेकेदार का एक वर्ष से अता-पता नहीं है। गर्मी का मौसम आ चुका है और ग्रामीणों को आस थी की पानी टंकी के निर्माण और अमृत मिशन पूरी हो जाने के बाद गांव में पेयजल की समस्या दूर हो जाएगी, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई। इससे महिलाओं में काफी आक्रोश है।

सरपंच अमर लाल भुआर्य ने बताया कि पानी टंकी का निर्माण बस स्टैण्ड वार्ड में भी बजरंग चौक में होना है। एक वर्ष पहले सर्वे भी हो चुका है, लेकिन अब तक काम चालू नहीं किया गया है। कारण का कुछ पता नहीं चल पा रहा है तथा कौन ठेकेदार है इसका भी पता नहीं है। इसके लिए पीएचई विभाग से जानकारी ली जाएगी।

## मतदान दलों का किया गया रेंडमाइजेशन

**रायपुर।** जिले में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों जोरशोर से चल रही है। इन तैयारियों के बीच सोमवार को कलेक्टर डा. गौरव सिंह ने मतदान दलों के साथ बैठक की। यह बैठक रेडक्रास सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मतदान दलों का रेंडमाइजेशन किया। बैठक में उप जिला निर्वावन अधिकारी उमाशंकर बंदे, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। चुनावी तैयारियों के दौरान कलेक्टर के निर्देश पर सभी एरिया रिटर्निंग ऑफिसर (एआरओ) भी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर रहे हैं। धरसीवा विधानसभा के एआरओ नंदकुमार चौबे ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्र स्वामी आत्मानंद स्कूल गोगाव, शासकीय प्राथमिक शाला गोंदवारा, शासकीय प्राथमिक शाला उद्योग नगरी बिरगांव, आदर्श स्कूल रावाभाठा, शासकीय प्राथमिक शाला बंजारी नगर रावाभाठा, शासकीय नवीन प्राथमिक शाला रावाभाठा, ज्ञानप्रकाश विद्या मंदिर रावाभाठा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

## हरुना धान के पौधों में निकली बालियां

**लाटाबोड़।** इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में हरुना धान के पौधों में बालियां निकल आई है। वहीं ज्यादातर पौधे गर्भ की स्थिति में हैं। इसमें भी शीघ्र ही बालियां निकल जाएंगी। ऐसे किसानों ने अपने खेतों में हरूना धान की फसल लगाई है। समय से पहले धान फसल की रोपाई करने वाले कई किसानों के खेतों में लगी फसल में बालियां निकल आई है। धान के पौधे बालियों से लदे हुए हैं, हरुना धान के पौधों में बालियां निकलने लगी हैं। पसौद किसान बसंत साहू, ईश्वरी निर्मलकर ने बताया की हरुणा किस्म क़े धान की कटाई एकात माह में शुरू हो जायेगी।



# प्रधानमंत्री मोदी की आठ को कोंडागांव में होगी आमसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाजपा ने की तैयारी प्रारंभ, इस माह लगातार होंगी राष्ट्रीय नेताओं की सभाएं



लोकसभा चुनाव में भाजपा ने राष्ट्रीय नेताओं की लगातार सभाएं कराने की रणनीति तैयार की है। इस कड़ी में सबसे बड़ी आमसभा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 8 अप्रैल को कोंडागांव में होगी। इसको लेकर भाजपा ने तैयारी प्रारंभ कर दी है। प्रदेश का भाजपा संगठन प्रधानमंत्री की प्रदेश में पांच सभाएं चाहता है, लेकिन पीएमओ से कितनी सभाओं को मंजूरी मिलती है, सब कुछ उस पर निर्भर है। फिलहाल तो बस्तर लोकसभा चुनाव के लिए एक सभा की मंजूरी मिली है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन का छत्तीसगढ़ पर भी बड़ा फोकस है। भाजपा ने यहां की सभी 11 की 11 सीटें जीतने की रणनीति तैयार की है। इसको लेकर प्रचार-प्रसार में भी पूरी ताकत झोंकने की रणनीति बनी है। चुनाव के लिए रणनीति बनाने का जिम्मा इस बार प्रदेश के सह प्रभारी नितिन नवीन पर है। उनको चुनाव का प्रभारी बनाया गया है, क्योंकि यहां पर प्रदेश के प्रभारी ओम माथुर का आना नहीं हो रहा है। राष्ट्रीय संगठन ने उनको दूसरी बड़ी जिम्मेदारी देकर रखी है। श्री नवीन लगातार बैठकें करके रणनीति बना रहे हैं। अभी भी वे यहां पर 4 अप्रैल तक दौरे पर हैं। वे दूसरे चरण के चुनाव के लिए तीन सीटों के प्रत्याशियों की नामांकन रैली में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहले चरण के चुनाव के लिए मतदान के पहले बस्तर संभाग में आमसभा होगी। इसके लिए स्थान कोंडागांव में तय किया गया है। कोंडागांव में आमसभा होने पर बस्तर संभाग की दूसरी सीट कांकेर के प्रत्याशी को भी मंच पर रहने का मौका मिलेगा।

इसी के साथ संभावना है कि महासमुंद, राजनांदगांव, दुर्ग और रायपुर के प्रत्याशी भी पीएम की सभा में रहेंगे। वैसे दूसरे और तीसरे चरण में भी प्रधानमंत्री की सभाएं होंगी। इन सभाओं में भाजपा के ज्यादा से ज्यादा प्रत्याशियों को मंच पर रखा जाएगा।

## पेज 9 के शेष

### मोबाइल एप के जरिए ...

सकते हैं। यदि मतदाता का मोबाइल नंबर मतदाता सूची में पंजीकृत है तो मतदाता अपना ई–एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। मोबाइल नम्बर रजिस्टर्ड न होने की स्थिति में आवश्यक सुधार के लिए आवेदन कर ई-एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस एप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप के माध्यम से मतदाता अपने निर्वाचन क्षेत्र सहित किसी भी अन्य क्षेत्र के प्रत्याशियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके माध्यम से प्रत्याशी द्वारा नामांकन के दौरान प्रस्तुत शपथ पत्र भी देखा जा सकता है। इसके जरिए मतगणना दिवस को परिणाम की अधिकृत जानकारी भी देखी जा सकती है। इस एप से निर्वाचन सम्बन्धी शिकायत भी की जा सकती है।

**सी-विजिल एप :** इस एप के जरिए आम नागरिक निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकता है। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है तो वह इस एप पर अपनी शिकायत भेज सकता है। शिकायतकर्ता फोन पर सी-विजिल एप्लीकेशन डाउनलोड कर सीधे घटना की फोटो, वीडियो या आडियो अपलोड कर सकते हैं। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर-पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, अनाधिकृत सामग्री परिवहन, प्रचार के समय की समाप्ति के बाद सभा, मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप के माध्यम से की जा सकती है।

**सक्षम मोबाइल एप :** इस एप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है। आयोग ने सक्षम एप के रूप में दिव्यांगों के लिए एक वन स्टॉप साधन विकसित किया है। दिव्यांग मतदाता निर्वाचन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान की जा रही विभिन्न सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस एप को गूगल प्ले स्टोर और एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

एप को उपयोगकर्ताओं के अनुकूल बनाने के लिए डिज़ाइन, ले-आउट, इंटरफ़ेस और सुविधाओं को बेहतर रूप दिया गया है। इसमें स्क्रीन रीडर, टेक्स्ट टू स्पीच सेवा, दृश्यता संवर्द्धन, रंग समायोजन जैसी सुविधाएं भी हैं। एप को दो-तरफ़ा इंटरैक्टिव प्लेटफ़ॉर्म के रूप में डिज़ाइन किया गया है ।
सक्षम एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है। साथ ही दिव्यांगजन के रूप में चिन्हित करने के लिए अनुरोध, सुधार, प्रमाणीकरण, व्हील चेयर, सहायता, अपने मतदान केंद्र को जानें, बूथ लोकेटर, अपने उम्मीदवारों को जानें, शिकायतें दर्ज करें जैसी कई अन्य सुविधाएं भी इस एप में उपलब्ध हैं।

**वोटर टर्न ऑउट एप :** इस मोबाइल एप का उपयोग कर मतदान के दिन आम नागरिक मतदान की जानकारी पल-प्रतिपल देख सकते हैं। इस एप के जरिए नागरिक तीनों ही चरणों में वोटर टर्न ऑउट की अद्यतन स्थिति जान सकते हैं। मतदान के दिन मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी द्वारा हर दो घंटे में अपने केन्द्र पर मतदान की अद्यतन जानकारी प्रदान की जाती है।

### सीएम साय ने केन्द्र में ....

खेल मैदान में उमड़ा जनसैलाब हैलीपेड से लगभग आधा कि. मी. की दूरी पर राजा लाल राजेंद्र सिंह खेल मैदान में आमसभा का आयोजन किया गया था। लाल राजेन्द्र सिंह खेल मैदान में सभा को सम्बोधित करते हुए साजा विधायक ईश्वर साहू ने उपस्थित जनमूह का अभिवादन करते हुए सासंद प्रत्याशी विजय बघेल को पिछले बार से अधिक मतों से जिताने की अपील की। श्री साय ने कहा कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, उसी प्रकार तीसरी बार केन्द्र में नरेन्द्र मोदी की सरकार बनानी है। जिसके लिए विजय बघेल को भारी मतों से जीताना जरुरी है।

**डिप्टी सीएम व बघेल ने जताया जनता का आभार :** सासंद प्रत्याशी विजय बघेल ने सम्बोधित करते हुए सभी उपस्थित लोगों व अतिथियों का अभिवादन किया एवं कार्यकर्ताओं को विधानसभा में सरकार बनाने के लिए धन्यवाद दिया। एवं इसी प्रकार लोकसभा चुनाव में तन-मन से सभी को कमल फूल में मतदान करने की अपील की। मंच को उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सम्बोधित करते हुए कांग्रेस पार्टी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि साहू समाज और पिछड़ा वर्ग पर अभद्र टिप्पणी करने कारण राहुल गांधी को अदालत ने दोषी करार करते हुए सजा सुनाया थी। अभी भी राहुल गांधी जमानत पर बाहर है। तो ऐसी कांग्रेस पार्टी को वोट नही देना और भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर प्रचण्ड मतों से जीताना है।

## गाइडलाइन में 30 प्रतिशत छूट समाप्त करने पर रोक लगाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमीन की गाइड लाइन दर में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त करने के संबंध में जारी किये गये नये आदेश पर तत्काल रोक लगाये जाने की शिकायत कांग्रेस विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। ऐसे में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमीन गाइड लाइन दर में 30 प्रतिशत छूट को समाप्त करने के संबंध में जारी किये गये नये आदेश पर तत्काल रोक लगाये जाने की अवश्यकता है। आचार संहिता के दौरान गाइड लाइन दर को हटाकर नई गाइड लाइन को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आदर्श आचार संहिता के दौरान जारी करने का अधिकार नहीं है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जमीन गाइड लाइन की नई दर को आचार संहिता के दौरान लागू करने पर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग आपत्ति करता है। ज्ञापन सौंपने वालों में कांग्रेस विधि विभाग प्रदेश अध्यक्ष देवा देवांगन, प्रदेश कांग्रेस वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सुरेन्द्र वर्मा, ऋषभ चंद्राकर उपस्थित थे।

**एमपी में लगी रोक :** ज्ञापन में कहा गया है, मध्यप्रदेश में भी आदर्श आचार संहिता के तहत जमीन गाइड लाइन से संबंधित नये आदेश पर राज्य निर्वाचन आयोग ने रोक लगाई है। अतः निवेदन है कि उपरोक्त विषयों पर तत्काल रोक लगाते हुये संबंधित के विरुद्ध समुचित कार्रवाई कर उससे पार्टी को अवगत कराएं।

## खबर संक्षेप



### नवागांव में चलाया स्वच्छता अभियान

**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत नवागांव स्थित तालाब पचरी में विगत दिनों स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की गई। स्वच्छता अभियान विश्व का सबसे अधिक जनभागीदारी वाला आंदोलन बन चुका है, जिसमें बड़े से बड़े व्यक्ति से लेकर निम्नवर्ग तक का व्यक्ति भी जुड़ पाया है। स्वच्छता से स्वास्थ्य का सीधा संबंध है, इस बारे में लोगों को जागरूक भी किया गया। इस अभियान में चंद्रशेखर साहू, विजय कुमार निषाद सहित शशिकांत साहू, बुशरा खान, ओमकार साहू, चमन पटेल, दिलीप साहू, सनील जांगड़े आदि शामिल हुए।

### संत ज्ञानेश्वर स्कूल में शिशु आधार पंजीयन शिविर 4 को

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल परिसर में 4 अप्रैल को शिशु आधार पंजीयन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री मितान योजना के माध्यम से 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों के आधार पंजीयन किए जाएंगे। प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि गुरुवार को यह एक दिवसीय शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक लगाया जाएगा। स्कूल के सह प्रभारी पारितोष डोनगांवकर के मुताबिक शिशुओं के आधार पंजीयन के लिए बच्चों के माता-पिता में से किसी भी एक का आधारकार्ड साथ में लाना अनिवार्य होगा। इस शिविर के माध्यम से आमजन अपने बच्चों का आधार पंजीयन कराकर शासन की योजनाओं का लाभ ले सकते हैं।

### सेवानिवृत्त हुए निगम ईई, किया सम्मानित

**रायपुर।** नगर निगम जोन- 6 कार्यालय में सोमवार को कार्यपालन अभियंता एसपी त्रिपाठी के सेवानिवृत्त होने पर सम्मानित किया गया। जोन के अधिकारी-कर्मचारियों ने विशेषकर कोरोना संक्रमणकाल के दौरान श्री त्रिपाठी को सौंपे गये दायित्व का सजगता से निष्पादन करने पर सराहना की। जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल ने सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता श्री त्रिपाठी के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित जोन के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

### चिंगरीनाला निर्माण कार्य का निरीक्षण

**रायपुर।** नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को निगम के अधिकारियों के साथ चिंगरीनाला निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने विभागीय अधिकारी को निर्देश दिए। साथ ही खारुन नदी की व्यवस्थित सफाई का कार्य सिंचाई विभाग से समन्वय कर कराने जोन-8 के अधिकारियो को निर्देशित किया। निगम आयुक्त ने भाठागांव में 6 एमएलडी क्षमता के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और चंदनीडीह के सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर एसटीपी में उपचारित जल का उपयोग सुनिश्चित कराने हिदायत दी।

# बारनवापारा में मेहमान बाघ के वायरल वीडियो से वन अफसर हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी से सटे महासमुंद तथा बलौदाबाजार वनमंडल में पिछले एक माह से किसी दूसरे राज्य से आकर विचरण कर रहे बाघ के कथित तौर पर वायरल हो रहे वीडियो ने वन अफसरों को हलाकान कर दिया है। वायरल हो रहे वीडियो से बाघ की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जबकि वन विभाग के अफसर बाघ के विचरण क्षेत्र में सामान्य लोगों की आवाजाही पर सख्ती से रोक लगाने का दावा कर रहे हैं। बावजूद इसके बाघ के वायरल वीडियो से वन अफसर हलाकान तथा परेशान हैं।

गौरतलब है सात मार्च को महासमुंद वनमंडल में विचरण करते हुए दिखा बाघ 14 मार्च को बलौदाबाजार वनमंडल में पहुंच गया है। बाघ वर्तमान में बलौदाबाजार वनमंडल के वन विकास निगम के क्षेत्र में विचरण कर रहा है। शनिवार को कथित तौर पर वायरल वीडियो को बलौदाबाजार वनमंडल में विचरण कर रहे बाघ का बताया गया। इसके बाद वन अफसर वायकल वीडियो की पुष्टि करने में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक पूर्व में ट्रैप कैमरे में कैद बाघ के फोटो तथा वायरल वीडियो में बाघ के धारियों का मिलान किया गया, तो धारियों का 80 से 90 प्रतिशत मिलान होने की बात सामने आई है। इस संबंध में वन अफसरों ने किसी तरह से अधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

#### प्रे-बेस मिलने से राहत

पड़ोसी राज्य से भटक कर आए बाघ ने महासमुंद वनमंडल में दो पालतू मवेशियों का अब तक शिकार किया है। इसके बाद से बाघ द्वारा अब तक किसी अन्य पालतू मवेशी के शिकार करने की जानकारी नहीं मिली है। वन अफसरों के मुताबिक बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उसकी पूरी जानकारी उनके पास है। बाघ जिस क्षेत्र में विचरण कर रहा है, उस क्षेत्र में प्रे-बेस बेहतर होने की वजह से बाघ को पेट भरने शिकार के लिए पर्याप्त संख्या में वन्यजीव मिल रहे हैं। बाघ के पेट भरने बेहतर प्रे-बेस मिलने से वन अफसर राहत की सांस ले रहे हैं।



- एंटी स्नेयर की टीम क्षेत्र में लगातार कर रही सर्चिंग, बाघ की सुरक्षा के लिए सात टीम लगाई गई

#### दो दर्जन से ज्यादा स्थानों में जाल, फंदे की जब्ती

जानकारी के मुताबिक एंटी स्नेयर ऑपरेशन के दौरान महासमुंद तथा बलौदाबाजार वनमंडल क्षेत्र में वनकर्मियों तथा एनजीओ की टीम ने दो दर्जन से ज्यादा स्थानों पर वन्यजीवों के शिकार के लिए बिछाए गए तार के साथ जाल जब्त करने की कार्रवाई की है। वन अफसरों के मुताबिक बाघ की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एंटी स्नेयर ऑपरेशन लगातार जारी रहेगा।

#### वीडियो वायरल होने के बाद सुरक्षा बढ़ाई गई

अज्ञात लोगों द्वारा बाघ का वीडियो वायरल करने के बाद बाघ की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बलौदाबाजार वनमंडलाधिकारी मयंक अग्रवाल के मुताबिक बाघ की सुरक्षा के लिए सात टीमें बनाई गई है। साथ ही बाघ विचरण क्षेत्र में लोगों की आवाजाही रोकने अस्थायी चौकियां बनाई गई हैं।

#### होली में जंगल जाने से रोका गया

होली में जंगली सुअर, चीतल तथा हिरण का शिकार करने वाले सक्रिय हो जाते हैं। इसके कारण बाघ की सुरक्षा खतरे में आ सकती थी। इस बात को ध्यान में रखते हुए बलौदाबाजार तथा महासमुंद वनमंडल के फील्ड में काम करने वाले वनकर्मियों के साथ अफसरों की छुट्टी कैंसिल कर दी गई और होली के दो दिन पहले लोगों के बारनवापारा वनक्षेत्र के अंदर आवाजाही करने पर रोक लगा दी गई।

#### एनजीओ का एंटी स्नेयर ऑपरेशन

क्षेत्र में लोग बाघ को किसी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाएं, इसके लिए बलौदाबाजार वनमंडल में नेवा नेचर वेलफेयर सोसाइटी तथा महासमुंद वनमंडल में वसुंधरा सोसाइटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की मदद ली जा रही है। दोनों एनजीओ वनकर्मियों के साथ मिलकर जनजागरूकता अभियान चलाने के साथ एंटी स्नेयर ऑपरेशन चला रहे हैं।

### समय पर बेडरोल नहीं मिलने की शिकायतों पर रेलवे बोर्ड ने लिया संज्ञान

# ट्रेन रवाना होने से पहले अब यात्री को मिलेगा बेडरोल का पैकेट, 30 मिनट का इंतजार खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों को अब बेडरोल के पैकेट बेडशीट, कंबल, तकिया, कवर समय पर मिलेगा। रेलवे बोर्ड ने नए वित्तीय वर्ष से नियमों में बदलाव किया है। यात्री के सीट पर पहुंचने से पहले ही कोच अटेंडेंट बेडरोल का पैकेट रख जाएंगे।

बोर्ड ने भारतीय रेलवे स्तर पर सभी जोन के महाप्रबंधकों को ओरिजिनेटिंग स्टेशनों पर ट्रेन रवाना होने से पहले यात्री को बेडरोल का पैकेट उपलब्ध कराने का दिशा-निर्देश जारी कर दिया है। इधर जोन ने भी ट्रेनों में बेडरोल देने वाली एजेंसी को रेलवे बोर्ड के नियमों का पालन करने का निर्देश दिए हैं। लंबे समय से यात्रियों की शिकायत रहती थी, ट्रेन में बैठने के बाद समय पर उन्हें बेडरोल नहीं मिलता। यात्रियों की इन्हीं शिकायत को संज्ञान लेते हुए रेलवे बोर्ड ने देशभर में नई व्यवस्था लागू की है।

**पहले ट्रेन छूटने के आधे घंटे तक यात्री को बेडरोल उपलब्ध कराने का था नियम**

#### बदले गए गंदे तकिये और कवर

रेलवे प्रशासन ऐसी शिकायतों का संज्ञान लेता है, जिसका असर यात्रियों पर पड़ता है। रेलवे प्रशासन ने इस दिशा में सतर्कता बढ़ाई, तो नवंबर तक ऑनलाइन शिकायत 60 प्रतिशत कम हो गईं। जानकारी के मुताबिक पुराने और गंदे हो चुके 10 हजार तकिये और कवर को बदलकर नया कर दिया। तकिये का खोल और कवर बदलकर सफेद की जगह नीला किया गया है। प्रत्येक कोच में एक अटेंडेंट चलने लगे और निगरानी के लिए सुपरवाइजर तैनात हैं।



फाइल फोटो

#### रेल मदद एप पर 2 हजार से अधिक शिकायत

रेल मदद एप पर जून से नवंबर, 2023 तक 2000 से अधिक यात्रियों ने बेडशीट, तौलिया, कंबल और कवर आदि से संबंधित शिकायतें कीं। इसमें ज्यादातर यात्रियों ने कहा कि उन्हें बेडरोल समय पर नहीं मिला। जानकारी मुताबिक मैकेनाइज्ड लाउंड्री से 20 हजार बेडरोल के पैकेट व 30 हजार बेडशीट प्रतिदिन सफाई होती है। दुर्ग और बिलासपुर से बेडरोल और बेडशीट का वितरण 25 से अधिक ट्रेनों में किया जाता है।

#### कोच अटेंडेट का नहीं करना पड़ेगा इंजतार

रेलवे बोर्ड के निर्देश मुताबिक अब ट्रेन के रवाना होने से पहले ही यात्रियों की सीट पर बेडरोल रख दिया जाएगा। एक यात्री के स्टेशन उतरते ही दूसरी यात्री के लिए तत्काल बोडरोल रखा जाएगा, ताकि अपनी सीट में आने के बाद यात्री को इंतजार करना न पड़े। अभी तक ट्रेन छूटने के आधे घंटे तक यात्री को बेडरोल उपलब्ध कराने का नियम है, लेकिन हकीकत यह है कि अधिकतर ट्रेनों के कोच अटेंडेंट घंटों तक दिखते ही नहीं हैं। खोजने के बाद अगर दिख गए, तो आधा-अधूरा बेडरोल का पैकेट देकर चले जाते हैं। यात्री परेशान रहते हैं, लेकिन नई व्यवस्था से अब परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# कौड़िया स्कूल में ग्रामीण ने बच्चों को दिया न्योता भोज



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला कौड़िया विकासखण्ड नवागढ़ में मंगलवार न्योता भोज का आयोजन किया गया। यह कार्य ग्राम कौड़िया के नागरिक एवं उन्नतिशील किसान साहूकार गोयल द्वारा न्योता भोजन पोषण स्वास्थ शक्ति निर्माण के तहत पूर्ण भोजन के रूप में खीर, पुड़ी, सब्जी, सलाद, पापड़, आचार, फल का भोज कराया गया। इसमें गणमान्य नागरिक, पालकगण, एवं स्कूल स्टॉफ प्रधानपाठक शशिकांत गजभिये, रैलेन्द्र हिरवानी, वेदप्रकाश धृतलहरे उपस्थित रहे। संकुल समन्वयक रैलेन्द्र हिरवानी ने बताया कि इससे पालकों, समुदाय और स्कूल के बीच आत्मीयता और अपनत्व की भावना बढ़ती है। न्योता भोजन का उद्देश्य भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि, समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना व बच्चों में पौष्टिकता में वृद्धि करना है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गीता गोयल, उपाध्यक्ष समारू घृतलहरे, पालक संघ अध्यक्ष महाजन गोयल, मातृ संघ अध्यक्ष सतरूपा चतुर्वेदी उपस्थित रहे।

### न्योता भोज में बच्चों ने लिया खीर-पूरी का मजा



**देवकर।** नगर पंचायत देवकर में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में मध्यान भोजन संचालक मां भगवती स्व सहयता समूह द्वारा बच्चों को न्योता भोज कराया गया। इसमें बच्चों को खीर पुरी, केला, मिठाई, चावल, दाल, पापड़, आचार परोसा गया। भोज मे स्कूल के प्राचार्य अनिल डहले, संकुल समन्वयक प्रकाश कुंजाम, प्रधानाध्यापक नमिता सिंह, प्रधान पाठिका, पायल राठी, शिक्षक रमाशंकर राजपूत, वेद साहू, इती चौबे, पूनम धृतलहरे, वंदना निषाद, गुंजन साहू साहित स्कूल के सभी शिक्षकगण शामिल थे।

# चिरायु टीम ने किया बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में परीक्षा उपरांत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें बच्चों को परीक्षण के साथ-साथ प्रतिदिन दांतों की सफाई, नाखून एवं बालों को समय-समय पर काटना, भोजन से पूर्व एवं शौच के बाद साबुन से हाथ धोना बताया गया।

डॉ. ज्योति वर्मा ने बच्चों को गर्मी के मौसम में खानपान संबंधी विस्तृत जानकारी दी। मौसमी फलों में ककड़ी, खीरा, तरबूज, खरबूज का अधिक से अधिक उपयोग करें। सलाद का खूब उपयोग करें। अधिक से अधिक पानी पीने। मटके का ठंडा पानी पीने और फ्रिज के ठंडे पानी से परहेज करने कहा गया। दोपहर के समय तेज धूप में ना खेलने। शिक्षिका विधि शर्मा के द्वारा बच्चों को समझाया गया कि धूप में बाहर निकलने की अगर आवश्यकता हुई तो पानी पीकर ही घर से निकले और अपने चेहरे और हाथ को ढंक कर ही निकले। अपने सिर को तेज गर्मी से बचाना बहुत आवश्यक है। स्वास्थ्य परीक्षण चिरायु टीम के द्वारा किया गया। आज शाला में बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत रही। प्रधान पाठक ललित कुमार निर्मलकर ने सभी चिकित्सक को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### बिजली-पानी के लिए 15 दिन से तरस रहे मुर्रा के ग्रामीण

**नांदघाट/रायपुर।** ग्राम मुर्रा में बस्ती स्थित ट्रांसफार्मर का केबल जल जाने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर का केबल व बुश लक्स जलने की सूचना विद्युत विभाग नांदघाट के उपअभियंता को देने के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। इसके कारण विगत 15 दिन से हमें बिजली व पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के शीघ्र मरम्मत की मांग की है।



# नवोदय प्रवेश परीक्षा में बरगा के बच्चों का दबदबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

बाल संस्कार शिशु मंदिर बरगा के 6 विद्यार्थियों का नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं के लिए चयन हुआ है।

चयनित बच्चों में रेणुका साहू पिता चमन साहू ग्राम हाटरांका, निशा साहू पिता हेमंत साहू ग्राम चीजगांव, नमन पटेल पिता राजुलाल पटेल ग्राम खैरझिटीकला, आदर्श राजपूत पिता अजय सिंह राजपूत ग्राम खैरझिटीकला , हेमंत ध्रुवे पिता बलदाऊ ध्रुवे ग्राम ढेकापुर, सूरज वर्मा पिता दिनेश वर्मा ग्राम ढेकापुर का चयन हुआ है। प्रति वर्ष इस विद्यालय से नवोदय विद्यालय में चयन होता है। 4 वर्षों में 13 छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन हो चुका है। इसके लिए 6-7 महीने तक बच्चों को आफलाइन माध्यम से नवोदय तैयारी करायी जाती है। विद्यालय के प्रधानपाठक डॉ रेवाराम पाल, नवोदय चयन विशेषज्ञ गंगाधर साहू, शिक्षक राजेन्द्र निषाद, अजय साहू एवं शिक्षिकाएं सीता लहरे, रोमा निषाद, तिलेश्वरी साहू, चांदनी साहू, प्रीति साहू, छत्रवती साहू, गायत्री साहू, एवं अनुराधा सहित ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

